तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

10 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण की शुरुआत



12 बटरेल स्कूल में रथयात्रा पर आधारित विविध...





## खबर संक्षेप

### उपसरपंच ने जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योता भोज



**बालोद/लाटाबोड़।** प्राथमिक शाला बोड़की में उपसरपंच द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया। जिसमे कक्षा पहली से पांचवी एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोज खिलाया गया। इस दौरान स्वयं उपसरपंच ऐशमा साहू ने बच्चो को पकवान परोसे तथा उन्होने कहा कि जन्मदिन और अन्य परिवारिक कार्यक्रमो के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन करने पर बच्चो को अतिरिक्त पोशण मिलने की बात कही है तथा उन्होने कहा कि ग्राम के अन्य ग्रामीणो को भी इस प्रकार सामने आकर स्कूलो व आंगनबाड़ी के बच्चो के लिए समय समय पर अपने वि"ाश दिनो पर न्योता भोज का आयोजन किया जाते रहना चाहिए। आयोजन में प्रधान पाठक, मुक्ता सार्वा, योगेश्वर साहू, आंगबाड़ी कार्यकर्ता सीमा ठाकुर एवं रसोईया उपस्थित थे।

### वीबीजी राम योजना में अब रोज 300 की मजदूरी

**बालोद।** भारत सरकार ने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को नए कानून विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी में परिवर्तित कर दिया है, जिसका शुभारंभ 02 जुलाई को आंध्र प्रदेश के तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जा चुका है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि बालोद जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत पूर्व के 4314 अपूर्ण कार्य अब 02 जुलाई के बाद विकसित भारत–जी राम जी के कार्य कहलाएंगे। इसके साथ ही अब अकुशल श्रमिकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन मजदूरी दर 300 रूपय देय होगा। वर्तमान में मांग के आधार पर बालोद जिले के 119 ग्राम पंचायतों में 208 कार्य चल रहे है, जिसमें लगभग 2800 श्रमिक कार्यरत है। ग्राम पंचायतों के पास रोजगार के लिए पर्याप्त कार्य पूर्व से स्वीकृत है, वर्तमान में श्रमिक कृषि कार्य में नियोजित है भविष्य में मांग के आधार पर कार्य प्रारंभ कराते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को योजना के तहत कार्य उपलब्ध कराया जाएगा।

### भरर स्कूल में छात्राओं को बांटीं साइकिल



**जामगांव आर।** ग्राम जामगांव आर में शासन के योजना अंतर्गत सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में नवमी की छात्रओं को सरस्वती साइकिल योजना तहत साइकिल वितरण किया गया। जिसमें सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, संस्था प्रमुख डॉ भारती, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरूण चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि द्रोण चंद्राकर, दिनेश नगरिया, पुरुषोत्तम चंद्राकर, कौशल्या साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भरर, जमुना सोनवानी, पिंगला ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। निःशुल्क सायकल योजना का लाभ छात्रओं को भरपूर मिला। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए छात्रओं को अधिकाधिक सुविधा देते हुए आवागमन में सरलता को ध्यान रखते हुए निःशुल्क सायकल प्रदान कर रही है ▸▸| शेष पेज 10 पर

# गुजरा में नवनिर्मित किसान कुटीर का सांसद नाग ने किया लोकार्पण

**ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा में नवनिर्मित किसान कुटीर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम सुरेश साहू एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसद नाग एवं अतिथियों ने नवनिर्मित किसान कुटीर का अवलोकन कर ग्राम गुजरा सहित अंचल के ग्रामीणों को इस नवनिर्मित किसान कुटीर के लोकार्पण के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





**मांग : जनपद अध्यक्ष ने की भुगतान रोकने की मांग**

# मॉडल आंगनबाड़ी के नाम पर लाखों खर्च जर्जर भवन में बैठने को मजबूर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

आदिवासी विकासखंड डौंडी की ग्राम पंचायत गुदुम में 'मॉडल आंगनबाड़ी' के नाम पर सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप सामने आए हैं। निर्माण स्थल पर न तो कार्य संबंधी सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही स्वीकृत लागत, निर्माण एजेंसी एवं समय-सीमा का उल्लेख किया गया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने मौके का निरीक्षण कर पूरे मामले की जांच कराने और ठेकेदार का भुगतान तत्काल रोकने की मांग की है।

- सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया, जर्जर आंगनबाड़ियों को छोड़ ठीक भवन पर खर्च

### निर्माण स्थल पर नहीं है सूचना बोर्ड

निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा कि शासन के नियमों के अनुसार प्रत्येक निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें ठेकेदार का नाम, स्वीकृत राशि, कार्य एजेंसी तथा निर्माण अवधि का उल्लेख होना चाहिए। लेकिन गुदुम के मॉडल आंगनबाड़ी निर्माण स्थल पर ऐसा कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। उन्होंने इसे नियमों की अनदेखी बताते हुए पूरे मामले को भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-5 को मॉडल आंगनबाड़ी बनाया जा रहा है, उसकी स्थिति पहले से ही अच्छी थी। भवन में केवल रंग-रोगन और मामूली मरम्मत की आवश्यकता थी, लेकिन उस पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं विकासखंड की कई अन्य आंगनबाड़ी इमारतें पूरी तरह जर्जर हैं, जहां बच्चों को असुरक्षित भवनों या वैकल्पिक स्थानों पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।




**जांच की मांग**

उन्होंने जिला कलेक्टर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक ठेकेदार का भुगतान रोका जाए तथा विकासखंड के सभी जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर उनकी मरम्मत कराई जाए। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक अधिकारी ने कहा कि यह कार्य जिला स्तर से संचालित हो रहा है। हमें इसकी जानकारी नहीं है।

### आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 व 2 भवन जर्जर

ग्राम पंचायत गुदुम के सरपंच कोसमा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-5 में चल रहे निर्माण कार्य की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 और 2 की हालत बेहद खराब है। भवन जर्जर होने के कारण बच्चों को अन्य स्थानों पर बैठाना पड़ रहा है, लेकिन उनकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर अच्छी स्थिति वाले भवन को मॉडल आंगनबाड़ी के लिए चुना गया है, जबकि जर्जर भवनों की अनदेखी की जा रही है।

# फर्जी वसीयत से करोड़ों की जमीन हड़पी, मुख्य आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन में फर्जी वसीयतनामा तैयारकर करोड़ों रुपये मूल्य की करीब ढाई एकड़ जमीन हड़पने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। मामले में तत्कालीन हल्का पटवारी राजीव कुमार श्रीरंगे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी पोषण साहू अब भी फरार है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार साहू ने आरोप लगाया था कि उनके दिवंगत दादा रेवाराम साहू की खसरा नंबर 937 स्थित 1.09 हेक्टेयर (करीब ढाई एकड़) भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हड़प लिया गया। वर्ष 2006 की पंजीकृत वसीयत के अनुसार उक्त भूमि पर महेंद्र कुमार साहू सहित अन्य सह-खातेदारों का संयुक्त अधिकार था। आरोप है कि वर्ष 2023 में पोषण साहू ने तत्कालीन पटवारी राजीव कुमार श्रीरंगे के साथ मिलकर वर्ष 2003 का 50 के स्टांप पर फर्जी वसीयतनामा तैयार कराया, जिसमें पूरी भूमि अपने नाम दर्शाई गई। इसके आधार पर बिना सक्षम राजस्व न्यायालय के आदेश और बिना अन्य सह-खातेदारों को सूचना दिए राजस्व अभिलेखों में नामांतरण कर दिया गया। इसके बाद 28 दिसंबर 2023 को पोषण साहू ने उक्त भूमि की रजिस्ट्री नागेंद्र कुमार बघेल के नाम कर दी। मामले का खुलासा तब हुआ जब वर्ष 2024 में महेंद्र कुमार साहू भूमि बंटवारे की प्रक्रिया के लिए पहुंचे। जांच में डौंडीलोहारा एसडीएम ने राजस्व रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि की। जांच रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय के निर्देश पर देवरी थाने में पोषण साहू और तत्कालीन पटवारी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 एवं 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया। देवरी थाना पुलिस ने बताया कि पटवारी राजीव कुमार श्रीरंगे को 26 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। वहीं मुख्य आरोपी पोषण साहू गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल ▸▸| शेष पेज 10 पर



- ढाई एकड़ भूमि के नामांतरण में अनियमितता, पुलिस ने टीम गठित की

# आदर्श कन्या विद्यालय बालोद के छात्रसंघ चुनाव में दीपिका बनीं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शासकीय आदर्श कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद में छात्रसंघ चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे छात्रओं ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया और मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर पदभार ग्रहण कराया गया।

जिसमे अध्यक्ष पद के लिए कक्षा 12वीं की दीपिका निर्मलकर और छविना साहू के बीच मुकाबला हुआ। मतदान में दीपिका निर्मलकर को 148 मत, जबकि छविना साहू को 129 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार दीपिका निर्मलकर ने 19 मतों के अंतर से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में कक्षा 11 वीं की संगीता यादव ने 136 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। वहीं सचिव पद पर ख्याति, सह सचिव पद पर प्रेमलता यादव तथा अनुशासन सचिव पद पर लीना निर्वाचित हुईं। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय की प्राचार्य हेमलता गंगबेर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। परिणाम घोषित होने के बाद प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा बैज पहनाकर विधिवत पदभार ग्रहण कराया। विद्यालय परिवार ने सभी निर्वाचित छात्रओं को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के साथ निर्वहन करते हुए विद्यालय के विकास और छात्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में बीएन. योगी, एमके. थावरे, बीआर. साहू, साकेत वर्मा, अशरफ तिगाला, डीएन. तिवारी, आरके. वर्मा, सूर्यकांत सिन्हा, परमेश देवांगन, प्रमिला रामटेके, नीलू सोनी, शैल देशमुख, रिचा मीका, गीतिका दुबे, रोशनी साहू, सरिता ठाकुर, वर्षा यादव, लेखा देवी साहू, अनीता पद्माकर, विनीता दिल्लीवार, भावना साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित थे।





# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंकपुर

सोमवार को थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अचौद में एक युवक ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की तीन माह पहले अप्रैल महीने में ही विवाह हुआ था, जो कि माता पिता का इकलौता पुत्र था, जिनकी अचानक मौत से माता पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

- इकलौते बेटे की मौत से परिवार में पसरा मातम

उक्त घटना 13 जुलाई सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है, जहां पिता सेवकराम मंडावी के बेटे सुखीतराम मंडावी 25 वर्षीय ने अपने घर के परछी पर बने एक छोटी सी छानी के म्यांर पर कपड़े के रस्सी को फंदा बनाकर झुल गया। घटना के समय पर उनकी मां घर पर थी। लेकिन उनको घटना की भनक नहीं लगी और पिता जी गली तरफ गये थे जहां से वापस आया तो अपने इकलौते पुत्र को फांसी पर लटकते देखा तो उनका होस उड़ गए।



पिता ने रोते बिलखते अपने पड़ोसीयों को बुलाया तब तक पुत्र ने अपना प्राण त्याग दिया था। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की तीन महीने पहले अप्रैल माह में धूमधाम से शादी हुई थी। लेकिन उनकी पत्नी घटना के पहले दिन रविवार की शाम को अपने पिता जी के साथ अपने मायके ग्राम नारागांव चली गई थी। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पति–पत्नी के बीच कुछ विवाद हुआ होगा जिसके चलते पत्नी मायके चली गई, जिससे दुखी होकर युवक ने यह कदम उठाया होगा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद पंचनामा कर शव को फंदा से नीचे उतारा और पीएम करने गुण्डरदेही भेजा गया। पीएम पश्चात पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपा। वहीं युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

**ग्रामीणों ने जनदर्शन में लगाई गुहार**

# बिजली विभाग की लापरवाही से 43 घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बिजली विभाग की कथित लापरवाही से दर्जनो घरो के पंखे, कूलर, टी.वी व विभिन्न इलेक्ट्रनिक सामान जल गया, जिसके बाद ग्रामीणो ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जनदर्शन में शिकायत कर मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

- डेढ़ माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

जिला मुख्यालय बालोद से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पोंडी में कुछ दिनों पहले भारी गर्मी में विद्युत विभाग के लापरवाही के कारण 31 मई 2026 को 12 से 1 बजे के बीच विभागीय गलती के कारण आमजन को हुई भारी नुकसान के लिए कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया। जानकारी के अनुसार 31 मई को विद्युत विभाग के द्वारा आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक 02 के पास स्थित ट्रांसफार्मर में मीटर चेंज करने के नाम से काम जारी था। जिससे गलत कनेक्शन हो जाने से ट्रांसफार्मर से संचालित 43 घरों के टीवी, पंखा कूलर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गया। जिसकी शिकायत विभाग को तत्काल प्रदान की गई। विभाग ने इसके समीक्षा की एवं फिजिकल जांच कराई। लगभग डेढ़ माह बीत जाने के पश्चात आज तक विभाग के द्वारा ना कोई जानकारी ग्रामीणजनों को प्रदान की गई ना ही प्राइवेट कंपनी जिसके द्वारा यह लापरवाही की गई है उसके द्वारा भी इस विषय पर किसी भी हितग्राही को हुए भारी नुकसान का भरपाई किया गया। ग्रामीण भरपाई की राह देखते–देखते अंतिम में जिला कलेक्टर को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की।





ग्रामीण पार्थ साहू, दानेश्वर मिश्रा, मेघनाथ, अजय, भवानी, कचरू राम, लोकेश्वरी मेश्राम, जगमोहन यादव का कहना है कि अब कलेक्टर ही इस विषय पर आम जन को हुए भारी नुकसान के लिए भरपाई करा पाएंगी एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेंगी। ऐसा उम्मीद लिए आज हम कलेक्ट्रेट जनदर्शन में अपनी शिकायत प्रस्तुत कीयें है।

ग्रामीणो ने बताया कि विद्युत विभाग को लिखित शिकायत दी गई है तथा मुख्यमंत्री सुशासन तिहार बघमरा में भी इस विषय की कलेक्टर के नाम से शिकायत पत्र विभाग को दिया गया था लेकिन अब तक विभाग सोया हुआ है, लगता है प्राइवेट कंपनी को बचाकर आम जन को कोई नुकसान की भरपाई देने के पक्ष में नहीं है। ग्रामीणो ने बताया कि इस संदर्भ में विभागीय उच्च अधिकारी से बार–बार संपर्क किया गया ना तो कोई फोन उठाता है और ना ही कार्यालय में जाने पर कोई उच्च अधिकारी से मुलाकात होती है और ना कोई इस विषय पर सही जानकारी हमें प्रदान करते हैं हम थक हार के कलेक्टर से शिकायत किए हैं। यदि अब भी विभाग चुप रहा तो हम धरना प्रदर्शन करेंगे, प्रभारी मंत्री से शिकायत करेंगे या जरूरत पड़े तो हम मुख्यमंत्री तक भी जाएंगे।

# क्रमोन्नत और समयमान वेतनमान का तुलनात्मक अध्ययन किए बिना विकल्प भरना उचित नहीं: शिक्षक फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने क्रमोन्नत एवं समयमान वेतनमान के विकल्प चयन को लेकर शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। फेडरेशन का कहना है कि बिना तुलनात्मक अध्ययन किए विकल्प पत्र भरने से बड़ी संख्या में कर्मचारियों और शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।



- शासन से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग

फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने मुख्य सचिव, वित्त सचिव, शिक्षा सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव तथा लोक शिक्षण संचालनालय को ई-मेल के माध्यम से इस संबंध में तथ्यात्मक पक्ष रखते हुए आवश्यक संशोधन और स्पष्टीकरण की मांग की है। इसकी जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू, जिला सचिव गिरीश देवांगन, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार उर्वशा, डौंडी लोहारा तहसील अध्यक्ष मनसुखदास साहू, सचिव भूधर जोशी तथा गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत बनपाल ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के 9 जून 2026 के आदेश के अनुसार 31 मार्च 2026 तक नियुक्त शासकीय सेवकों को क्रमोन्नत वेतनमान अथवा समयमान वेतनमान में से किसी एक योजना का विकल्प एक माह के भीतर चुनना है। फेडरेशन ने आदेश के कई प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आदेश ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### नियमितीकरण के 1361 प्रकरणों का निराकरण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) अधिनियम 2022 एवं 2024 के तहत जिला नियमितीकरण समिति की बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष कुल 1372 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से 1361 प्रकरणों का मान्य एवं अमान्य के रूप में निराकरण किया गया। इनमें नगर पालिक निगम भिलाई के 902 आवासीय एवं 108 गैर-आवासीय, कुल 1010 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं, 11 प्रकरणों में स्पष्ट अनुशंसा एवं अभिमत प्राप्त करने के लिए उन्हें नगर पालिक निगम भिलाई को वापस भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर पालिक निगम दुर्ग के 351 प्रकरणों का भी समिति द्वारा निराकरण किया गया। इस प्रकार दोनों नगरीय निकायों के कुल 1361 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक निर्णय लिए गए।

### जुलाई के अंतिम हफ्ते में राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**दुर्ग।** रोजगार विभाग, छग शासन के द्वारा माह जुलाई के अंतिम सप्ताह में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले हेतु निजी क्षेत्र के नियोजक जो अपने संस्थान में रिक्त पदों को इस रोजगार मेला के माध्यम से भरना चाहते हैं, वे 15 जुलाई के पूर्व रिक्त पदों की जानकारी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग को प्रेषित करेंगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन दुर्ग के उपसंचालक से प्राप्त जानकारी अनुसार छग रोजगार विभाग के ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से रिक्तियाँ प्रेषित करने के लिए नियोजकों का पोर्टल पर रोजगार मेला हेतु नियोक्त पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए नियोक्ता का जीएसटी क्रमांक एवं डॉक्यूमेंट अपलोड करना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में संपर्क कर सकते हैं।

# अल नीनो को लेकर कृषि विभाग अलर्ट, किसानों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के आगमन के बाद भी जिले में बारिश की बेरूखी जारी है। इस वर्ष अल-नीनो के चलते मानसून में देरी, खंड वर्षा और सीजन के जल्दी समाप्त होने की गंभीर आशंका बनी हुई है। इस संभावित संकट से निपटने और किसानों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए कृषि विभाग द्वारा एक विशेष आकस्मिक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य जोखिम को कम करने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, कम पानी वाली फसलों का चयन, जल संरक्षण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सीमित संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करना है। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि कार्ययोजना अनुसार किसान भाई मौसम की अनिश्चितता से बचने के लिए कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली धान की उन्नत किस्मों को अपनाएं। इसके साथ ही टिकरा और भर्री जैसी ऊंची तथा ढलान वाली भूमियों पर जल संरक्षण और समयबद्ध बुआई सुनिश्चित करने के लिए कतारबद्ध सीधी बुआई यानी डीएसआर पद्धति को अपनाएं।

## फसलों में विविधता से निपटा जा सकता है इस समस्या से, कृषि विस्तार अधिकारी से लें सलाह

### फसलों में विविधता से बनी रहती है मिट्टी की उपजाऊ क्षमता

जोखिम को कम करने के लिए किसी एक फसल (जैसे धान) पर पूरी तरह निर्भर न रहें फसल विविधिकारण अपनाएं। धान के बदले कम पानी में होने वाली दलहनी फसल जैसे अरहर, मूंग एवं उड़द तथा तिलहनी फसल जैसे तिल, सोयाबीन, मूंगफली को प्राथमिकता देवें। फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ खेतों की मिट्टी में नमी को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए भूमि आच्छादन (मलचिंग) तकनीक अपनाये जिसके तहत फसल बोने से पहले और कटाई के बाद खेतों को ऊँचा अथवा दलहनी फसलों से ढका जाएगा ताकि वाष्पीकरण कम हो।



### समस्या होने पर लें मार्गदर्शन

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए खेतों में मेड़बंदी (फील्ड बंडिंग) को मजबूत करने और वर्षा जल संवर्धन के स्थानीय पारंपरिक उपायों को पुनर्जीवित करें। आपदा की स्थिति में आर्थिक क्षाति से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषक अपना पंजीयन अवश्य करावें। खेती के दौरान कोई भी समस्या या तकनीकी कठिनाई आती है, तो किसान बिना देरी किए अपने क्षेत्र के कृषि विभाग के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पंचायत स्तर पर लगातार कृषि विस्तार अधिकारी दौरा कर रहे हैं। किसान यदि चाहें तो उनसे भी उचित परामर्श ले सकते हैं।

## सफाई कर्मियों को बांटे जा रहे सुरक्षा किट, वार्डों में किया जा रहा जागरूक

# सफाई को लेकर होटल, मैरिज पैलेस, हॉस्टल व कॉलोनियों का सीटीसीबी में पंजीयन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के 60 वार्डों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2026 लागू हो चुका है। इसके अंतर्गत सफाई को लेकर नए पैरामीटर तय किए गए हैं। इसके तहत सफाई भी शुरू की जा रही है। इस बार सफाई के लिए होटल, मैरिज पैलेस, हॉस्टल एवं आवासीय कॉलोनियों को पहले से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। इसके क्रियान्वयन के लिए निगम का सफाई अमला काम भी शुरू कर चुका है। शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा-मुक्त बनाने की दिशा में यह पहल की गई है। इसके लिए बल्क वेस्ट जनरेटरों की बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी संबंधित संस्थानों को तत्काल पंजीयन कराने कहा गया है। ऐसा नहीं करने वाली संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की तैयारी भी की गई है। अधिकारियों के मुताबिक प्रत्येक संस्था अपने परिसर में उत्पन्न होने वाले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं उचित निस्तारण के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी। नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## सफाई के लिए कामगारों को सुरक्षा उपकरण का किया जा रहा वितरण



### सफाई कामगारों को बांटे जा रहे सुरक्षा किट

नए अभियान के अंतर्गत सफाई कामगारों को सुरक्षा किट का वितरण भी किया जा रहा है। इसके लिए नमस्ते योजना शुरू की गई है। स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों को निःशुल्क नमस्ते किट प्रदान किया जा रहा है। किट में सफाई कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट, दस्ताने, मास्क, एप्रन, बरसाती सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वच्छता को एक आंदोलन का रूप देने की तैयारी की जा रही है। उन्हें सफाई को लेकर निर्धारित नई गाइडलाइन से भी अवगत कराया जा रहा है। साथ ही सफाई को लेकर लोगों का जागरूक करने कहा जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सफाई के इस अभियान से जुड़ सके।

### कैटेगरी में अलग-अलग देना होगा कचरा, रखी जाएगी ऑनलाइन नजर

दुर्ग जिले में अब कचरा प्रबंधन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब कचरे को सिर्फ गीला और सूखा नहीं, बल्कि चार हिस्सों में अलग करना जरूरी होगा। इसमें गीला कचरा जैसे रसोई और बगीचे का कचरा, सूखा कचरा जैसे प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु, सेनेटरी वेस्ट जैसे डायपर और नैपकिन, और स्पेशल केयर वेस्ट जैसे दवाइयां, बैटरी, बल्ब और पेंट के डिब्बे शामिल हैं। सेनेटरी और स्पेशल वेस्ट को अलग से पैक कर देना होगा। घर-घर कचरा उठाने वाली गाड़ियों में इन चारों तरह के कचरे के लिए अलग-अलग बॉक्स होने चाहिए। साथ ही पूरे कचरा प्रबंधन सिस्टम को एक केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे कचरा उठाने से लेकर उसके निपटान तक हर काम की निगरानी की जा सके। ट्रैकिंग सिस्टम से पूरे कार्य को मॉनिटर किया जाएगा। किसी भी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

### 100 किलो से ज्यादा कचरा तो मौके पर ही निष्पादन

होटल, मैरिज गार्डन, बड़ी सोसायटी, अपार्टमेंट, हॉस्टल और सामुदायिक भवन, जहां रोज 100 किलो या उससे ज्यादा गीला कचरा निकलता है, उन्हें अपने परिसर में ही उसका निपटान करना होगा। इसके लिए बायो डाइजेस्टर मशीन या कम्पोस्ट पिट का इस्तेमाल करना जरूरी होगा। ऐसे सभी संस्थानों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा और निकाय से प्रमाण पत्र भी लेना होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। पर्यावरण मंडल और निगम इसकी जांच करेगा। वे संस्थानों को कम्पोस्टिंग की जानकारी देंगे और उन्हें जरूरी मदद भी करेंगे, ताकि वे समय पर अपने यहां व्यवस्था बना सकें। डंपिंग साइट पोटिया में बायो-माइनिंग और बायो-रेमेडिएशन का काम चल रहा है।




## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण की शुरुआत

**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और भूजल स्तर में सुधार के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में सोमवार को 'वृहद पौधारोपण अभियान' का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संेश दिया।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओम दास सार्वा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी माता के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के लिए एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करता है। सरपंच गंगोत्री ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार माँ निस्वार्थ भाव से हमारा पालन-पोषण करती हैं, उसी प्रकार प्रकृति भी हमें जीवन प्रदान करती है। इसलिए अपनी मां या उनकी स्मृति में पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण समय की आवश्यकता है। व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि अभियान की सफलता केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने से होगी। इसके लिए ट्री गार्ड लगाने और पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पेमिन साहू, सुषमा कौशिक, छवि निर्मलकर, भुनेश्वरी निषाद, लिलेश्वरी देवांगन, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मेगा मेडिकल कैंप से पुलिस कर्मी और उनके परिजनों की जांच

**दुर्ग।** पुलिस महकमे द्वारा पहली बार नई पुलिस लाइन में स्पर्श अस्पताल और मेघ गंगा संस्था के सहयोग से मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक ख्याति नाम विशेषज्ञों ने अपनी सेवा दी। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने लाभ उठाया। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी गई और निःशुल्क दवा भी दी गई।

# जिले में खंडहर हो रहे सरकारी स्कूल, जल्द कराया जाए मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने शिक्षामंत्री गजेंद्र से की मांग

नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खंडहर के रुप में तब्दील कई जर्जर शाला भवनों की स्थिति इस कदर खस्ता है कि कब छात्रों के उपर भरभरा कर छत गिर जाए कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे स्कूलों में जान हथेली पर लेकर छात्र पढ़ने के लिए बाध्य हैं। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले का यह हाल है। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि कंडम सरकारी स्कूलों का तत्काल मेंटेनेंस कराया जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार



जंघेल, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, मनीष यादव, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर आदि ने कहा कि हाल ही में भिलाई के वृन्दा नगर में शासकीय प्राथमिक शाला के एक कक्षा की छत गिर पड़ी। गनीमत है कि कोई छात्र हताहत नहीं हुआ। इसके पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। किन्तु सरकार जर्जर शाला भवनों की सुध नहीं ले रहा है। दुर्ग जिले में लगभग डेढ़ सौ शाला भवनों को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन उनके स्थान पर नये भवन नहीं बनाए जा रहे हैं। वहां पढ़ने वाले छात्रों को आसपास के स्कूलों में समायोजित कर दिया गया है जहां उन्हें भेड़ बकरियों की तरह ठूस कर पढ़ाया जा रहा है। चालीस छात्रों की कक्षा मे सत्तर अस्सी छात्र पढ़ेंगे तो उनका भविष्य कैसा होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पूर्व पार्षदों ने मांग की है कि तत्काल जर्जर शाला भवनों का संधारण किया जाए और नये शाला भवन बनने तक छात्रों के लिए अलग से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। बता दें कि जिले के 68 सरकारी स्कूलों की कंडम बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर नया बनाए जाने की तैयारी है।

# डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न के लिए आवेदन 31 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों का प्रोत्साहित करने एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष 2026 का पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में किया जाएगा। इस संबंध में कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। संयुक्त संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक कृषक जो खेती में नवाचार, जैविक कृषि, उत्पादन में वृद्धि, कृषि यात्रिकीकरण या जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। समस्त पात्र कृषक वे निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताएँ एवं अन्य जानकारी संबंधित विकासखंड, जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कृषकों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन संयुक्त संचालक कृषि द्वारा गठित विकासखंड स्तरीय छानबीन समिति द्वारा किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय समिति कृषकों के प्रक्षेत्रों में जाकर आवेदन में उल्लेखित अधोसंरचना, कृषि आदान, सिंचाई संसाधन व अन्य जानकारी का प्रत्यक्ष निरीक्षण व अवलोकन सत्यापन उपरांत प्रतिवेदन जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा सूक्ष्म जांच उपरांत जिला से अधिकतम 3 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से नामांकन संचालनालय कृषि को उपलब्ध कराया जाएगा। कृषक रत्न पुरस्कार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर दिया जाता है।

## पेज 9 के शेष

### फर्जी वसीयत से करोड़ों की ...

रहा है और उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित की गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### क्रमोन्नत और समयमान ....

में 31 मार्च 2026 के बाद पूर्व में जारी क्रमोन्नति संबंधी परिपत्रों को समाप्त माना गया है, ऐसे में विकल्प भरने का औचित्य स्पष्ट नहीं है। साथ ही, समयमान वेतनमान के परिशिष्ट में सहायक शिक्षक पद का समावेश नहीं होने के कारण इस संवर्ग के लिए समयमान वेतनमान की स्वीकृति अभी लंबित है। ऐसे में सहायक शिक्षकों से विकल्प पत्र भरवाना भी उचित नहीं माना जा सकता। फेडरेशन का कहना है कि सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ दिलाने के लिए कई बार शासन को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं अन्य शिक्षक संवर्ग के पदों का समयमान वेतनमान में उल्लेख होने से वे तुलनात्मक अध्ययन कर लाभप्रद विकल्प चुन सकते हैं। फेडरेशन ने यह भी बताया कि सहायक शिक्षक (एलबी) को संविलियन तिथि से प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का प्रावधान है, जबकि विकल्प पत्र में संविलियन संबंधी जानकारी दर्ज करने का अलग प्रावधान नहीं रखा गया है। इसके अलावा प्रथम नियुक्ति के बाद पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों के लिए भी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जबकि आदेश के अनुसार एक बार दिया गया विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा। फेडरेशन ने शिक्षा विभाग में विभिन्न संवर्गों के वेतनमान और समयमान स्वीकृति में मौजूद विसंगतियों की ओर भी शासन का ध्यान आकर्षित किया है। संगठन का कहना है कि क्रमोन्नत योजना केवल दो स्तरीय है, जबकि समयमान वेतनमान त्रिस्तरीय होने के कारण अधिकांश मामलों में अधिक लाभप्रद साबित होता है।फेडरेशन ने शासन से मांग की है कि सभी संवर्गों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं तथा समयमान और क्रमोन्नत वेतनमान का तुलनात्मक विवरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि कर्मचारी सही और लाभप्रद विकल्प का चयन कर सकें तथा भविष्य में किसी प्रकार के आर्थिक नुकसान से बच सकें।

### भरर स्कूल में छात्राओं ...

जिसका सकारात्मक परिणाम जग जाहिर है। स्कूल कालेजों में छात्रएं सपना को साकार करते हुए नजर आती है किन्तु बालकों की शिक्षा के प्रति आ रही रुझान चिंता की लकीरे खींचने लगी है। प्राचार्य डॉ भारती ने कहा कि छात्रएं सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने में कोई कसर ना छोड़े। उन्होंने कहा कि योग्य गुरुजनो का मार्गदर्शन बेझिझक भरपूर ले। किसी भी विद्यार्थी को कोई समस्या आती हो तो प्राचार्य को अवश्य अवगत कराए।

### मेघा को महिला मोर्चा महामंत्री की जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेघा कौर को खुर्सीपार मंडल महिला मोर्चा का महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है।



इन्होंने विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों की सक्रिय, समर्पित और लंबे समय से संगठन में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को संगठित करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। नई टीम के गठन को संगठन विस्तार, महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मेघा कौर ने बताया कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे का मार्गदर्शन उन्हें लगातार मिलता रहा।

## कलेक्टोरेट स्थित लोकसेवा केंद्र में पहुंच रहे लोग

# सेवा सेतु से नाम परिवर्तन के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नागरिक सेवा के लिए शुरू की गई नई व्यवस्था

छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वाकांक्षी पहल के तहत दुर्ग जिले में जनता के द्वार, डिजिटल सरकार की है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नागरिक सेवाओं की सुगमता और त्वरित कार्यप्रणाली का एक बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। दुर्ग जिले के डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव की धर्मपत्नी द्वारा नाम परिवर्तन के लिए सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया था। सेवा सेतु के सुदृढ़ और पारदर्शी सिस्टम के चलते, इस प्रकरण का निराकरण पूरी तरह से निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया गया। इसके उपरांत, सेवा सेतु प्रबंधक द्वारा आवेदक को उनका आधिकारिक राजपत्र प्रकाशन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रदान कर दिया गया। यह सफलता यह साबित करती है कि सेवा सेतु पोर्टल सरकारी प्रक्रियाओं को सुलभ और सरल बना रहा है, साथ ही समयबद्धता के साथ नागरिकों को घर बैठे ही पारदर्शी तरीके से सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ भी पहुंचा रहा है। इस डिजिटल बदलाव से अब जिले में विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सेवा प्रदायगी आम जनता के लिए बेहद आसान और सुविधाजनक हो गई है।




### दो बच्चों को समय पर मिला ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र

सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को सरल, सुगम और समयबद्ध बना रही है। अब लोगों को आवश्यक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इसका लाभ दुर्ग जिले के ग्राम भोथली निवासी नोवेंन्द्र कुमार निषाद के परिवार को भी मिला। नोवेंन्द्र कुमार निषाद ने वर्षों पहले अपना ऑफलाइन जाति प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसके आधार पर उनके बच्चों ने प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। समय के साथ उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता हुई। उनकी बड़ी बेटी एकता निषाद ने रस्तोगी नर्सिंग होम से बी.एससी. नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त की है, वहीं उनके पुत्र हरीश कुमार निषाद ने अंजोरा स्थित अपोलो कॉलेज से डी.फार्मा का अध्ययन पूरा किया है। अब दोनों अपने करियर की नई शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं।

## शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की बनी रणनीति

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी मरोदा-पुरैना मंडल की मासिक बैठक शंकर नगर डुंडेरा वार्ड 38 स्थित मंगल भवन में संपन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिनेश देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, 9 शक्ति केंद्रों के माध्यम से कार्य विस्तार, 52 बूथ समितियों के अद्यतन, बीजेपी आईडीपी, ऑनलाइन लर्निंग प्रोग्राम, भाजपा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, 19 जुलाई को शक्ति केंद्र बैठकों, 26 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 136 वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण तथा 9 अगस्त को पुरैना में अगली मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री पुनाराम कलिहारी ने किया। दिनेश देवांगन ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुनाराम कलिहारी, नरेंद्र निर्मलकर, राजूराम, नवीन सिन्हा, दुर्गेश साहू, आरती पांडेय, मंडल मंत्री शेष जांगड़े आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### खपरी (ब) में ग्राम विकास समिति की बैठक

**गुण्डरदेही।** ग्राम पटेल के लिए खपरी ब में ग्राम विकास समिति की बैठक शनिवार को रखी गई थी, जिसमे बैठक मे ग्राम विकास समिति के सदस्य व ग्रामीण जन शामिल हुए। बैठक मे सम्मत ग्रामीणो की उपस्थिति मे व सर्व सम्मति से ग्राम पटेल के लिए गांव के शत्रुहन लाल साहू को ग्राम पटेल चुना गया। उक्त जानकारी वरिष्ठ ग्रामीण सदस्य व पंच कमलनारायण साहू ने दी।

### टटेंगा स्कूल में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

**डौंडीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और भूजल स्तर में सुधार के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में सोमवार को 'वृहद पौधारोपण अभियान' का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत विद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओम दास सार्वा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी माता के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के लिए एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करता है। सरपंच गंगोत्री ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार मां निस्वार्थ भाव से हमारा पालन-पोषण करती हैं, उसी प्रकार प्रकृति भी हमें जीवन प्रदान करती है। इसलिए अपनी मां या उनकी स्मृति में पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण समय की आवश्यकता है। व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि अभियान की सफलता केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने से होगी। इसके लिए ट्री गार्ड लगाने और पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पेमिन साहू, सुषमा कौशिक, छवि निर्मलकर, भुनेश्वरी निषाद, लिलेश्वरी देवांगन, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कापसी में गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत रविवार को मुखबिर से सूचना पर कापसी निवासी संगीता सोनवानी को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को छोटी-छोटी पुड़िया जब्त की गई।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मिलीं पुस्तकें, गणवेश और साइकिलें, किसान कुटीर भवन का भी हुआ लोकार्पण

# गुजरा में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न सांसद भोजराज नाग ने बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा/बालोद

विकासखंड डौंडी के ग्राम गुजरा में सोमवार को जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद भोजराज नाग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशेष अतिथियों में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कोडो, उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम तथा ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच पार्वती मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।









कार्यक्रम के दौरान सांसद भोजराज नाग ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए। वहीं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान की गईं, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'न्यौता भोज' रहा, जिसमें सांसद भोजराज नाग ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे आत्मीय संवाद किया। अपने संबोधन में सांसद भोजराज नाग ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि विद्यालय से लौटने के बाद बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनका ज्ञान भारत के विकास की मजबूत नींव बनेगा। उन्होंने किसानों की मेहनत का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्न खेतों में किसानों की कड़ी मेहनत से पैदा होता है, किसी उद्योग या दुकान में नहीं। इसलिए किसानों के श्रम का सम्मान करना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कोडो ने भी संबोधित किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग ने विकासखंड डौंडी अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुजरा परिसर में नवनिर्मित किसान कुटीर भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने इस नई सुविधा के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे किसानों को विभिन्न गतिविधियों के संचालन में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

समारोह में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुरेश साहू, तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल कुसुमकसा के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी, भाजपा नेता सोमेश साहू, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गुजरा के प्राधिकृत अध्यक्ष हितेश साहू, संजय बैस, गोपाल साहू, राजेश चुरेंद्र, उमेंदीराम, भूषण उइके, राधे चुरेंद्र, रामकुमार, नोहरूराम, विजय सिवाना, शिक्षकगण, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए।

### महतारी वंदन योजना की 29वीं किस्त जारी, महिलाओं के खातों में पहुंची राशि

**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीधे महिलाओं के बैंक खातों में योजना की 29वीं किस्त की राशि ट्रांसफर की है। इस डिजिटल हस्तांतरण के बाद प्रदेशभर की लाभार्थी महिलाओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है। इस योजना का लाभ पा रही बालोद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों की महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। ग्राम बघमरा की देवकी विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें 29वीं किस्त की राशि प्राप्त हो चुकी है। इस राशि का उपयोग वह अपने घर के छोटे–मोटे खचोंर्, बच्चों की पढ़ाई, समय पर दवाई खरीदने तथा सिलाई–कढ़ाई के कायोंर् में करती हैं।



ग्राम जगन्नाथपुर की जामवंती विश्वकर्मा ने योजना के निरंतर संचालन पर खुशी जताते हुए कहा कि हर महीने मिलने वाली यह किस्त उनके लिए बेहद मददगार साबित हो रही है। ग्राम ओरमा की राधिका सोनवानी ने बताया कि इस योजना से मिलने वाले पैसों से वह अपने बच्चों के स्कूल की फीस भरती हैं, जिससे उनके परिवार को काफी संबल मिला है।उन्होंने अपने मोबाइल पर आए राशि के मैसेज को दिखाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के लिए सहृदय धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया है। महिलाओं का कहना है कि यह योजना न केवल उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बना रही है, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में परिवार के भरण–पोषण और बच्चों की शिक्षा में एक मजबूत सहारा भी साबित हो रही है।

## गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ, बच्चों में संस्कार निर्माण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 30 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल संस्कार शाला के संचालन के लिए शोभना देशमुख, तेजेश्वरी कंवर, अनुराधा चौहान एवं रेखा साहू को आचार्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक भोला राम साहू ने बाल संस्कार शाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को सही दिशा देने के लिए बच्चों में बचपन से ही नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कारों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाल संस्कार शालाएं चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम हैं। वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र कैलाशनाथ साहू ने बाल संस्कार शाला की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें गीत, प्रेरणादायक कहानियां, महापुरुषों के जीवन प्रसंग, जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने के उपाय, योग एवं प्राणायाम जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।



कार्यक्रम का संचालन विरेंद्र कुमार बघेल ने किया। इस अवसर पर परिव्राजक विदेशी राम चौहान, तुलसी साहू, जान बाई साहू सहित गायत्री परिवार के अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## जन्मदिन पर बच्चों को न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम कामता में जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए पूर्व उपसरपंच हरेश्वर सिन्हा ने अपने नाती प्रेम सिन्हा के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला कामता में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन कराया। साथ ही विद्यालय परिसर में दो अशोक के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। न्योता भोज में विद्यार्थियों को चावल, दाल, सब्जी, खीर एवं पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक महेंद्र कुमार खरे ने आयोजन के लिए हरेश्वर सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज और विद्यालय के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करते हैं तथा बच्चों में सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक, अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने प्रेम सिन्हा का जन्मदिन गीत गाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिवनी की सरपंच सुनीता तारम, पूर्व सरपंच नेतराम तारम, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दयाराम साहू, उपाध्यक्ष लीलावर तारम, शिक्षक दीनदयाल पटेल, सदस्य मुकेश साहू, गौतम सिन्हा, हरेश्वर सिन्हा, प्रेम सिन्हा, कृत बाई साहू तथा स्वयंसेवी प्रतिमा साहू सहित ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उमरा यात्रा के लिए सऊदी अरब रवाना हुए हाफ़िज़ सुहैल रिज़वी, शहरवासियों ने दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शेख मतीन गुण्डरदेही से हाफ़िज़ सुहैल रिज़वी उमरा करने के लिए सऊदी अरब मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। शहरवासियों ने उनके निवास स्थान में जाकर उनका गुलपोशी व नारैय तकबीर के साथ उनका इस्तक़बाल किया।

शहर के ये ज़्यारीन राजनांदगांव से मुंबई के लिए रवाना हुए जहां वे 14 जुलाई को मुम्बई से सऊदी अरब के मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। मुस्लिम समाज के जनाब जहीरूद्दीन कुरैशी, जुनैद कुरैशी, शकील खान, अमजद खान, निसार खान, आफताब आलम, मोहम्मद अबरार सिद्दीकी, अब्बास अली, इमरान खान, मतीन के दोस्त जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय, तहफ़्फ़ुज ए नामूसे रिसालत एक्शन ट्रस्ट के जिलाअध्यक्ष जनाब शाहनवाज खान, मीडिया प्रभारी जुनैद कुरैशी ने मुबारकबाद दी और सभी ने गुलपोशी से इस्तकबाल किया।

## इक्सीलेंस इडटेक ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर में संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर इक्सीलेंस इडटेच द्वारा शैक्षणिक यात्रा के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को बताया संस्थान का उद्देश्य



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा, बालोद के जिलाध्यक्ष एवं इक्सीलेंस इडटेच के संस्थापक गुलशन कुमार साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर साहू ने संस्थान की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण एवं अंचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रेष्ठ मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध कराना ही संस्थान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं निरंतर सीखने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने भी संस्थान की एक वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है तथा इक्सीलेंस इडटेच जैसे संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण उत्साह एवं आनंद से भर गया। संस्थान के शिक्षकगण ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में संस्थान परिवार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि आने वाले वर्षोंर् में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन के माध्यम से कार्यक्रम हुआ।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संजारी स्कूल में हुई व्याख्यामाला व रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में व्याख्यानमाला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतंत्र, मतदान के अधिकार एवं मतदाता के कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।


- लोकतंत्र, मताधिकार और जिम्मेदार नागरिक बनने का दिया संदेश, विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियों से किया जागरू





कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन व्याख्याता डोंगरमल रामटेके ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से चलने वाली व्यवस्था है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज वे भले ही मतदाता न हों, लेकिन कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। इसलिए अभी से मतदान के महत्व, संविधान के प्रति सम्मान तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव की प्रक्रिया को समझना आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व्याख्याता आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि एक-एक मत लोकतंत्र की दिशा और दशा तय करता है। मतदान के माध्यम से योग्य, ईमानदार एवं जनहितैषी प्रतिनिधियों का चयन होता है, जिससे सुशासन और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे भविष्य में मतदाता बनने पर बिना किसी लालच, भय, दबाव, जाति, धर्म अथवा व्यक्तिगत स्वार्थ से प्रभावित हुए बिना अपने विवेक के आधार पर मतदान करें। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्य वक्ता व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के मत में निहित होती है। यदि नागरिक मतदान नहीं करते, तो वे अपने अधिकारों और विकास की दिशा तय करने के अवसर से स्वयं को वंचित कर देते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान, लोकतांत्रिक सहभागिता तथा जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य गुलाब चंद नायक ने सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल विषय ज्ञान देने का केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में बबीता दीवान, पद्मा कोठारी, मीनाक्षी आर्य, रीमा सोरी, नंदिनी जोशी, लालिमा रात्रे, धर्मिता देहारी, संगीता सुधाकर, गिरिजा भुआर्य, गुलाब इंदौरिया सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेजस मोहंदीपाट में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहंदीपाट में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति के 25 सदस्यों ने सर्वसम्मति से ओमप्रकाश कौशिक को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निलेश कुमार साहू को चुना, जिसमें सदस्य खिलेश्वरी देवांगन, अश्वनी साहू खुरसुल व रमेश कुमार साहू, टिकेंद्र देवांगन रहे वही प्राचार्य बिमला एक्का, अर्चना चौरे, अविनाश हरिहरनो, रमेश कुमार साहू, अरमिंदर कौर सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### हाईस्कूल जगतरा में छात्रसंघ का गठन



**गुरूर।** शासकीय हाईस्कूल जगतरा में छात्रसंघ का गठन किया गया। शाला के सभी विद्यार्थीयो ने मताधिकार का उपयोग करते हुए पदाधिकारियो का चुनाव किया। जिसमे कक्षा 10वीं के भौमित कुमार सबसे अधिक मत प्राप्त कर शाला नायक के पद पर निर्वाचित हुए। उपशाला नायक चेतना यादव, क्रीड़ा अधिकारी वेदप्रकाश, सोनम, सांस्कृतिक प्रभारी प्राची साहू एवं भौमित कुमार, बागवानी एवं पेयजल प्रभारी हुलसी, शिवभजन, स्वच्छता एवं अनुशासन गौरव कुमार एवं पुनम मंडावी, प्रयोग शाला प्रभारी हेमंत, चिराग एवं डिम्पल, कक्षा दसवी कक्षा नायक आरती, कक्षा नवमी कक्षा नायक मेघा धुरव निर्वाचित हुई। संस्था प्राचार्य एमएल ठाकुर ने पद्धार ग्रहण कराकर शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम में संस्था के व्याख्यातागण केएस कटेन्द्र, आरके सिन्हा, लीना हाण्डे एवं आरके धुरव उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति व्याख्याता को दी गई विदाई

**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, डौंडी लोहारा में अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ व्याख्याता एन. आर. देशमुख के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डी. आर. देवहरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में देशमुख के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान और विद्यार्थियों के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डी. आर. देवहरे ने कहा कि श्री देशमुख ने अपने लंबे शिक्षकीय जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की मिसाल कायम की है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों का भविष्य संवरने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। उन्होंने देशमुख के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में शाला परिवार की ओर से एन. आर. देशमुख को शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, गैर-शिक्षकीय कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिले के 83 स्थानों पर चला अभियान, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने निभाई सहभागिता

# बालोद में 'मिशन अंकुर' महाअभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## एक दिन में 91,863 सीड बॉल का हुआ रोपण







हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संतुलन को सुदृढ़ करने के साथ जलवायु परिवर्तन जैसे चुनौतियों से निपटने की दिशा में बालोद जिला प्रशासन द्वारा उठाया गया कदम को कार्य रूप में परिणित करने की दिशा में आज का दिन ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय रहा।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के मिशन अंकुर के महाभियान के तहत जिले के 83 चिन्हित विभिन्न स्थानों पर आज एक ही दिन में कुल 91 हजार 863 सीड बॉल का रोपण किया गया। इसके अंतर्गत बालोद जिला प्रशासन के मिशन अंकुर के तहत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के पंडवान में सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य सुश्री नीलिमा श्याम सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों आला अधिकारियों, कर्मचारियों शिक्षक–शिक्षिकाओं, छात्र–छात्राओं, बिहान समूह की दीदियों, ग्रामीणों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ सीड बॉल का रोपण किया। वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति से जिला प्रशासन के मिशन अंकुर के तहत सामूहिक सीड बॉल रोपण का कार्यक्रम ऐतिहासिक, विहंगम एवं यादगार कार्यक्रम बन गया। निश्चित रूप से मिशन अंकुर के तहत आज संपन्न वृहद कार्यक्रम आने वाले समय के लिए पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। ज्ञातव्य हो कि मिशन अंकुर के इस महाभियान के तहत आज ग्राम गुजरा के पंडवान सहित जिले के विभिन्न 83 चिन्हित स्थानों पर एक ही दिन में कुल एक 91 हजार 863 सीड बॉल का रोपण किया गया।

सांसद भोजराज नाग ने मिशन अंकुर के तहत बालोद जिला प्रशासन के इस कार्य को ऐतिहासिक एवं अभिनव बताते हुए इसकी भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं दिशा–निर्देशन में सीड बॉल रोपण का जो कार्य किया जा रहा है वह पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सभी के लिए प्रेरणादायी होगा। सीड बॉल रोपण के अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने बालोद जिला प्रशासन के इस अभिनव एवं अनुकरणीय पहल की भूरी–भूरी सराहना करते हुए पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।

ज्ञातव्य हो कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रें, वनांचलों, और बंजर या खाली पड़ी जमीनों को फिर से हरा–भरा बनाने के उद्देश्य से बालोद जिला प्रशासन द्वारा मिशन अंकुर के माध्यम से सीड बॉल का रोपण करने का विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'विकसित भारत जी राम जी' और अन्य विकास योजनाओं के तहत 83 स्थानों पर सीपीटी का निर्माण कराया गया है। सीपीटी मूल रूप से पानी को रोकने और मवेशियों से पौधों को बचाने के लिए बनाई गई गड्ढे होते हैं। इन गड्ढों के आसपास की सुरक्षित जमीन पर इन सीड बॉल्स को प्राकृतिक रूप से पनपने के लिए रखा गया है। मिशन अंकुर के तहत सीड बॉल रोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि आज जिस तरह से तापमान बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, ऐसे में हमें पारंपरिक वृक्षारोपण के साथ–साथ सीड बॉल जैसी नवोन्मेषी और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। मिशन अंकुर का उद्देश्य केवल बीजारोपण करना नहीं है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण देकर एक विशाल वृक्ष में तब्दील करना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिला प्रशासन मिशन अंकुर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीड बॉल तकनीक कम लागत, कम समय और कम मेहनत में अधिक से अधिक पौधे उगाने का एक बेहद कारगर और शानदार तरीका है। विशेषकर सीपीटी के आसपास इन्हें लगाने के दोहरे लाभ हैं पहला, गड्ढों में संचित वर्षा जल से बीजों को लंबे समय तक पर्याप्त नमी मिलेगी, और दूसरा, यह क्षेत्र जानवरों की पहुँच से सुरक्षित रहेगा, जिससे पौधों की उत्तरजीविता दर कई गुना बढ़ जाएगी। सीड बॉल, जिसे आम बोलचाल में 'बीज बम' भी कहा जाता है, उपजाऊ मिट्टी, जैविक खाद (वर्मी कंपोस्ट), राख और विभिन्न प्रजातियों के बीजों का एक विशेष मिश्रण होता है। इसे हाथों से गोल आकार देकर छांव में सुखाया जाता है।

# किल्लेकोडा विद्यालय में मतदाता जागरूकता दिवस पर निबंध, रंगोली व रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- निबंध, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, ईवीएम डेमो के माध्यम से विद्यार्थियों को बताई मतदान प्रक्रिया





वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में रविवार को मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अजय मुखर्जी तथा व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध, प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में पांच समूहों ने भाग लिया। ग्रुप क्रमांक-3 ने प्रथम, ग्रुप क्रमांक-2 ने द्वितीय तथा ग्रुप क्रमांक-5 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा कॉपी एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ईवीएम के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया का डेमो दिखाकर मतदान की विधि से अवगत कराया गया। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को योग्य एवं जनहित में कार्य करने वाले प्रतिनिधि का चयन करने के लिए अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करना चाहिए। व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी ने निष्पक्ष चुनाव, मताधिकार के महत्व और मतदान संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान के संचालन के लिए शिक्षकों की एक टीम का गठन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर नारों के माध्यम से समाज को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। व्याख्याता सी.जी. पटेल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जे.पी. बांधव ने किया।

# तिरगा स्कूल के विद्यार्थियों को अब तक नहीं मिलीं पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

- पालकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



स्व. दाऊ कुर्मी प्यारेलाल बेलचंदन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिरगा में अंग्रेजी माध्यम से अध्ययनरत विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के बाद भी पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने पर पालकों ने नाराजगी जताई है। किताबों के अभाव में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

इस समस्या को लेकर विद्यालय के पालकों की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी, दुर्ग को लिखित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अंग्रेजी माध्यम की सभी आवश्यक पाठ्यपुस्तकें तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रह सके।

ज्ञापन महेश कुमार बेलचंदन ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और पाठ्यपुस्तकों के अभाव में बच्चों का भविष्य प्रभावित होना गंभीर चिंता का विषय है। यदि जल्द किताबें उपलब्ध नहीं कराई गईं तो विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पालकों ने जिला शिक्षा अधिकारी से इस मामले में शीघ्र और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए आवश्यक पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# बटरेल स्कूल में रथयात्रा पर आधारित विविध गतिविधियों का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक रथ, प्रश्नोत्तरी, भक्ति गीत और बागवानी गतिविधियों में लिया हिस्सा

ग्राम जामगांव आर में रथयात्रा विषयक विविध गतिविधियों का आयोजन शाला में हुआ। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल में शनिवार की शाला के अंतर्गत प्रार्थना सभा के पश्चात विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एरोबिक व्यायाम किया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ की रथयात्र के धार्मिक एवं सांस्—तिक महत्व की जानकारी दी गई। आओ रथ बनाए गतिविधि में विघार्थियों ने आकर्षक रथों का आर्ट निर्माण किया तथा रथयात्र विषयक प्रश्नोत्तरी में बढ़ चढ़कर भाग लिया। संगीत एवं भाव गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। वहीं बागवानी एवं हाउसकीपिंग गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं पौधों की देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समस्त गतिविधियों का संचालन प्रभारी मालती तिवारी एवं सहयोगी शिक्षक साथी के रूप में शारदा शर्मा, भारतीय ठाकुर, हेमलाल साहू, अनूप कुमार दुबे, युगल किशोर परगनिहा, चमेली साहू द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रधान पाठक डीआर वैघ के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ।





# मिशन अंकुर के तहत चिरचारी में सीड बॉल रोपण, 35 हजार बीज गेंदों के रोपण का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जनपद पंचायत गुरुर अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में मिशन अंकुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सीड बॉल का रोपण ग्राम चिरचारी में किया गया। जिसके तहत विकासखंड में कुल 35000 सिड़बॉल का रोपण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ग्राम चिरचारी में जनपद पंचायत के अध्यक्ष, जनपद पंचायत के सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम रोजगार सहायक, बिहान के अधिकारी, स्कूली बच्चे और स्व सहायता समूह के सदस्य, ग्रामीण नागरिक, आदि लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### अवैध शराब बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सेमरिया स्थित पारधी डेरा के पास मुख्य मार्ग किनारे बरगद के पेड़ के नीचे अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष पारधी बताया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों को पुलिस ने बाइक सीजी 07 सीजी-3276 में शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान हरिश बघेल एवं नीरज बेहरा के रूप में हुई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# राम जन्मभूमि मंदिर में कथित दान चोरी मामले की सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग


कार्यालय अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ बालोद निकुम, अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा, आदित्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष लोकेश दुबे, जिला संगठन सचिव संजय दास वैष्णव, जिला प्रभारी जागेश्वर दास वैष्णव एवं विष्णु दास वैष्णव ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आखिल भारतीय सनातनी आस्था केन्द्र बिन्दु अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावे और दान राशि के प्रबंधन में रामजन्म भूमि ट्रस्ट द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है, जिसके फलस्वरूप दानपेटी से प्रतिदिन लाखों रुपए प्रतिदिन चोरी की गई। जांच दल के अनुसार अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष भोलादास वैष्णव ने कहा कि हमारी आस्था केन्द्र पर सुनियोजित तरीके से भारी तादाद में चोरी की गई है।

जिसकी अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ कड़ी शब्दों में निन्दा करता है तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी दण्ड देने की मांग की है तथा उक्त दुर्भाग्यपूर्ण घटना की संपूर्ण जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेश सचिव शिवेंद्र वैष्णव एवं अभिषेक चौबे, युगल किशोर वैष्णव ने कहा कि धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने वाले पर कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के घृणित कार्य न कर पाये।

प्रदेश संगठन सचिव डोमन महराज ने बताया कि भारत के सभी वैष्णव सनातनियों हिंदूओ के धर्म स्थली श्री राम जन्मभूमि मंदिर जो हमारे आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहां पर चोरी के उक्त कृत्य से हिंदूओ की आस्था पर भारी चोट पहुंची है, अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ उक्त घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया तथा जांच कर समुचित कार्वाई करने की मांग की है।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रभारी निखिल दास वैष्णव एवं बालोद जिला के जिला प्रभारी जागेश्वर दास वैष्णव, मंडलेश्वर राज दुबे, तोफिक शर्मा, अनिल तिवारी, लोकेश दुबे, दिलीप वैष्णव, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, दिनेश पाठक, विवेक त्रिपाठी, निर्वाणी महेंद्र वैष्णव, राजा वैष्णव, हलधर दास वैष्णव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, भास्कर गुप्ता, अनिल नागवंशी, अमन शर्मा, शोभाकांत पाठक, श्याम वैष्णव, रमाकांत तिवारी, तुषार मिश्रा, ज्ञानेश्वर मिश्रा है। उक्त आशय की जानकारी अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे, युगल किशोर वैष्णव एवं तारक निर्मोही ने दी।



स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411